# हाथ रख दे मेरे सिर पर | by Chintan Trivedi

मात पिता परमेश्वर सबकुछ मान के तुझको आया हूँ
हाथ तो खाली है मेरे बाबा आँख में आंसू लाया हूँ

ज़िद पे अड़ा हूँ तेरे दर पे खड़ा हूँ
देखें ना मुझको तो जाऊं ना घर
कृपा की कर दे तू एक नज़र
हाथ रख दे मेरे सिर पर

तूने बनाई लाखों की बिगड़ी मेरी भी बना देना
ठुकराया है जग ने बाबा अपना मुझे बना लेना
हारा हूँ जग से तू कर दे महर
हाथ रख दे मेरे सिर पर

लाख कोशिश मिली नहीं बाबा जीत तेरे ज़माने में
सुना है मैंने कमी नहीं है मेरे भोले के ख़ज़ाने में
कोठी ना बांग्ला मैं ना मांगू घर
हाथ रख दे मेरे सिर पर

कमी नहीं है भगत की तुझको लाखों तेरे दीवाने हैं
हमको भी कर दिया दीवाना हम कहाँ बेगाने हैं
सेवा में रख ले मुझे उम्र भर
हाथ रख दे मेरे सिर पर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b0%e0%a4%96-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-by-chintan-trivedi/